आर.एन.आई. नं. RAJBIL/2010/52404

सेवा सौभाग्य

● मूल्य » ₹ 5 ● वर्ष-07 ● अंक » 83 ● मुद्रण तारीख » 1 अक्टूबर-2018 ● कुल पृष्ठ » 36

52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों को मिली सौगात

नारायण सेवा संस्थान की ओर से 31वां भव्य विशाल निःशुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह - देखें पृष्ठ-14

सेवा परमो धर्म (ट्रस्ट)

'अपना-घर' आश्रय अपनत्व का

ऐसे अबोध, असहाय, निराश्रित बच्चों के जीवन को संवारने के संकल्प के साथ ट्रस्ट द्वारा ''अपना-घर'' का निर्माण किया गया। जहां स्नेह के आश्रय, संस्कारों के सिंचन के साथ निराश्रित बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक ट्रस्ट द्वारा आवश्यकता की वस्तुएं, शिक्षण सामग्री तथा आवास की निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पारिवारिक परिवेश जैसे वातावरण में खिलते इन नन्हें-मुन्नें मासूमों के चेहरों को देखकर आपका मन भी करूणा, स्नेह और दया से भर उठेगा।

Sewa Parmo Dharm
MAKE GIVING YOUR HABIT

09929777773

www.spdtrust.org

सेवा सौभाग्य

1 अक्टूबर, 2018

वर्ष 07 अंक 83 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 36

संपादक मंडल

मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल

सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल

डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

संपर्क (कार्यालय)

Sewa Parmo Dharm

MAKE GIVING YOUR HABIT

सेवा परमो धर्म ट्रस्ट

हिरण मगरी, सेक्टर-4

उदयपुर (राज.)-313002

फोन नं. : 0294-6655555

फेक्स नं. : 0294-6655570

मो नं. : 09929777773

Web » www.spdtrust.org

E-mail » info@spdtrust.org

CONTENTS

इस माह में

पाठकों हेतु

संयम — आगे बढ़ना है तो पाएं गुस्से पर काबू

05

अन्य स्तंभ

- कितना खतरनाक है ये 06
- कन्या पूजन का पुण्य 07
- करें दूसरों की भावनाओं की कद्र 08
- ब्लैक बेल्ट 09
- बच्चों की खातिर मुस्कुराना 10

परिणय — यादगार लम्हों में बंधे जीवन की डोर से

14

- पोलियो को हरा, बढ़ा सलमानी 12
- दृष्टिबाधित दीपक का सपना साकार 13
- कुछ जोड़े ऐसे भी 19
- बाढ़ पीड़ितों में नारायण सेवा 19
- आत्मतत्व को जाने, वही परमात्मा 20
- जजों ने देखी नारायण सेवा 21

विविध — श्रद्धा से मनाई जन्माष्टमी

22

- भारत में असहायों को सहायता 23
- कपासनः नानी बाई रो मायरो 24
- दानवीर भामाशाहों का आभार 27
- पैरा स्वीमिंग स्पोर्ट्स.... अपील 27
- संस्थान को दान 28
- गुरूकुल विद्यालय सहयोग 30

अपनों से अपनी बात

पू. कैलाश 'मानव'

हर पल उत्सव

प्रकृति का नियम है कि हमारे द्वारा आज की गई सेवा ही कल हमारे काम आएगी। समय यूँ ही व्यर्थ नहीं जाने दें बल्कि इसका उपयोग जरूरतमंदों की सेवा में लगायें।

ईश्वर का दिया हुआ हर पल उत्सव और उल्लास का समय है। यह समय यूँ ही व्यर्थ नहीं जाने दें बल्कि इसका उपयोग जरूरतमंदों की सेवा में लगाना चाहिए। अपने-पराये की भावना से ऊपर उठकर ही सेवा की जा सकती है। यह प्रकृति का नियम है कि हमारे द्वारा आज की गई सेवा ही कल हमारे काम आएगी।

यह घटना न्यूयॉर्क शहर की है। एक बूढ़ा व्यक्ति सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। थोड़ी देर बाद एम्बुलेंस आई और उसे अस्पताल ले गई। रास्ते में नर्स ने बूढ़े के वस्त्रों को टटोला तो एक जेब में पर्स मिला। नर्स ने पर्स में खोजबीन की तो बूढ़े के बेटे का नाम-पता पाया। वह बेटा उसी शहर में समुद्री सेना में नौकरी करता था। बेटे को पिता की अवस्था के बारे में संदेश भिजवाया गया। एक जवान सैनिक तुरंत अस्पताल पहुँच गया। नर्स ने बूढ़े को बताया कि उसका बेटा उससे मिलने आया है तो बूढ़े ने अपने बेटे को छूने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया तभी उस नवयुवक ने बूढ़े के हाथ को गर्मजोशी से थाम लिया। वह नवयुवक बार-बार बूढ़े को गले लगा रहा था, पूरी रात उसके पास ही बैठा रहा तथा लगातार उसकी सेवा करता रहा। कई बार नर्स ने उस युवक को आराम करने को कहा परंतु पूरे समय वह बूढ़े की तीमारदारी करता रहा। सुबह उस बूढ़े की मृत्यु हो गई। उस नवयुवक ने नर्स से कहा- इनके बेटे का हाल ही में स्थानान्तरण हो गया है। नवयुवक की बात सुनकर नर्स अचम्भित हो गई और उसने नवयुवक से पूछा-तो क्या यह आपके पिताजी नहीं थे? सैनिक ने उत्तर दिया-नहीं परंतु मैंने यह महसूस किया कि इन्हें तत्काल बेटे की जरूरत थी जो उनके पास रहकर उनकी सेवा करे और उन्हें दिलासा दे सके।

प्रेरक प्रसंग

'सेवक' प्रशान्त भैया

काम में विवेक ज़रूरी

हमें विवेकपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए जिससे हमें नुकसान ना हो अथवा ना के बराबर हो। विवेकपूर्ण तरीके से किया गया काम सदैव अच्छा ही होता है।

हमारे काम का तरीका इस प्रकार होना चाहिए जिससे समय और संसाधन दोनों की ही बचत हो। हमें विवेक से काम करना चाहिए जिससे नुकसान ना हो। विवेकपूर्ण तरीके से किया गया काम सदैव अच्छा होता है। एक युवक सड़क के किनारे-किनारे जा रहा था। उसने देखा कि सड़क की दूसरी ओर एक मज़दूर दीवार पर पुताई का काम कर रहा था। उस व्यक्ति को सड़क पार करनी थी। सड़क पर वाहनों का आवागमन अत्यधिक था, अतः वह सड़क के किनारे खड़े रह कर आवागमन कम होने का इन्तज़ार करने लगा। साथ ही उसने देखा कि मज़दूर के सफेदी करने के तरीके से श्रम, समय और सामान की बर्बादी हो रही है। आवागमन कम होने पर वह मज़दूर के पास पहुँचा और पूछा - मित्र! कम समय और सामान से अच्छी सफेदी की तरक़ीब मुझसे सीखना चाहोगे? मज़दूर बोला- मैं अवश्य ही वह तरीका आपसे सीखना चाहूँगा। इस पर व्यक्ति ने अपने कमीज़ की बाँहें ऊपर चढ़ा ली और हाथ में ब्रश, सफेदी का सामान लेकर अपने काम में जुट गया। कुछ समय में उसने अपनी बात सही साबित कर दी। उसके तरीके से काफ़ी सामान और समय बच गया। यह देखकर मज़दूर बोला- आज से मैं वैसे ही काम करूँगा जैसे आपने मुझे सिखाया। उस जगह का मालिक यह सब ऊपर खड़ा देख रहा था। वह नीचे आया और उस व्यक्ति के हाथ में इनाम की राशि थमाने लगा। इस पर व्यक्ति ने कहा- इनाम और महनताने का हकदार मैं नहीं अपितु मज़दूर है। सारा काम तो इसी ने किया है। मैंने तो इसे सिर्फ काम का तरीका सिखाया है। अतः यह राशि आप इसे ही दें। वह व्यक्ति आगे चलकर महान विचारक कार्ल मार्क्स के रूप में जाना गया।

संयम

आगे बढ़ना है तो पाएं गुस्से पर काबू

गुस्सा प्राकृतिक भावनाओं को बाहर निकालने का एक साधन है पर अधिक गुस्सा दूसरों को हमसे दूर तो कर ही देता है और स्वयं को भी कितना नुकसान पहुंचाता है, इसके बारे में हम नहीं जान पाते।

लगातार क्रोध के कारण संबंध बिगड़ने लगते हैं जिससे छवि खराब होती है। काम बिगड़ते हैं और कार्यक्षमता पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। कुछ लोग स्वभाव से क्रोधी होते हैं। सोचते बाद में हैं पहले रिएक्ट करते हैं, कुछ परिस्थितियों के सामने अपने मन मुताबिक कुछ नहीं कर पाते तो उन्हें क्रोध आता है। कुछ लोग दूसरों को आगे बढ़ता देख मन ही मन ईर्ष्या करते हैं और स्वभाव क्रोधी हो जाता है। कई बार हालात ऐसे हो जाते हैं कि व्यक्ति आपा खो बैठता है।

● गुस्से को निकालने के तरीके

क्रोध की अभिव्यक्ति के कई तरीके हैं, जैसे-गुस्से को मन में दबा लेना, एक दम भड़क कर गुस्सा निकालना या गुस्से को किसी रुप में स्थानांतरित करना। पहले प्रकार के गुस्से में तो सामने वाले व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचता पर आपके मन में उसके प्रति नफरत होती रहती है और आप मन ही मन उसे दबाते रहते हैं जबकि सामने वाला जानता ही नहीं कि आप ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। कभी आप इसलिए भी गुस्सा पी जाते हैं क्योंकि गुस्सा दिलाने वाला आपका अधिकारी या परिवार का कोई बुजुर्ग है। आप उसके सामने गुस्से जैसी हरकत नहीं कर सकते । मन में गुस्सा दबाने वाले लोग बाद में तनाव में रहते हैं और डिप्रेस हो जाते हैं।

● कम सहनशील

गुस्सा करने वाले लोग अक्सर कम सहनशील होते हैं। बहुत जल्द ही इरीटेट हो जाते हैं, थोड़ी सी परेशानी में परेशान हो जाते हैं चाहे वह ट्रैफिक जाम हो, लाइट चली जाए या या कोई इलैक्ट्रोनिक गैजेट् तब खराब हो जाए जब उसकी आवश्यकता हो। ऐसे लोग जीवन में उच्च महत्वकांक्षी होते हैं, हर काम में परफेक्ट होते हैं, ऊंची अपेक्षाएं रखने वाले होते हैं। लेकिन कई बार अपना और सामने वाले का नुकसान भी कर बैठते हैं।

ऐसे काबू करें

● अपनी ऊर्जा को पॉजिटिव खर्च करें जैसे-खेलकर, व्यायाम करके और अपनी रुचियों को आगे बढ़ाकर ।

● व्यायाम के साथ प्रातः10 मिनट ध्यान भी करें। इससे नकारात्मक सोच बाहर निकलती है और सकारात्मक सोच अंदर आती है। जैसे ही किसी बात पर गुस्सा आये, सोचें कि क्या यह मेरे बस में है, नहीं तो फिर गुस्सा क्यों। इसी भाव से सोचें सब ठीक हो जाएगा। कुछ ही देर में आप शांत हो जायेंगे।



नींव के पत्थर

जन्म : 2 अक्टूबर 1904
निधन : 30 जनवरी 1966

लाल बहादुर शास्त्री हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के थे, लेकिन जब वे लोकसेवा मंडल के सदस्य बने तो बहुत ज्यादा संकोची हो गये। वह कतई नहीं चाहते थे कि उनका नाम अखबारों में छपे और लोग उनकी प्रशंसा करें। एक बार उनके मित्र ने उनसे पूछा कि 'आपको अखबारों में नाम छपवाने से परहेज क्यों है?' शास्त्री जी कुछ पल सोचकर बोले, 'लाला लाजपतराय ने मुझे लोकसेवा मंडल के कार्य की दीक्षा देते हुए कहा था-लालबहादुर! ताजमहल सारी दुनिया देखती है और सराहती है। ऊपर का पत्थर संगमरमर है जो लोगों को आकर्षित करता है। दूसरा पत्थर ताजमहल की नींव में लगा है जो सदा अंधेरे में रहता है लेकिन ताजमहल की चमक और खूबसूरती उसी पर टिकी है।' लालाजी के ये शब्द मुझे हमेशा याद रहते हैं और मैं नीव का पत्थर ही बने रहना चाहता हूं।

प्रकाश प्रदूषण

कितना खतरनाक है ये...

कोई भी कार्य और अधिक सक्षम रूप से करने के लिए दिन में सूर्य की पर्याप्त प्राकृतिक रौशनी होती है। लेकिन सूर्य के ढल जाने के बाद भी हमारे कार्य करने की क्षमता को बरकरार रखने के लिए हमें कृत्रिम रोशनी की जरूरत होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि ये आर्टिफिशियल लाइट हमारे वातावरण में प्रकाश प्रदूषण का बड़ा और एकमात्र कारण है, जो कि वायु और जल प्रदूषण जितना ही खतरनाक साबित होता है। इस प्रदूषण के बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं।

वर्ष 2016 में 'साइंस एडवांस' में ग्लोबल लाइट पोल्यूशन पर जारी एक रिर्पोट के मुताबिक दुनिया की 80 प्रतिशत आबांदी प्रकाश से प्रदूषित आसमान के नीचे रहती है। टक्सन एरिजोना स्थित इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोशियन के मुताबिक वर्ष 1994 में लास एंजिलिस में आए भूकंप के बाद दूसरे शहर की बिजली बाधित हो गई थी, जिसके बाद लोगों ने रात को आसमान में बड़े चमकीले बादल के देखने की बात कही। दरअसल ये लास एंजिलिस के प्रकाश प्रदूषण से खत्म हुई आकाशगंगा थी। इससे आप प्रकाश प्रदूषण के नुकसान के बारे में अंदाजा लगा सकते हैं।

» बीमारियों का खतरा

आर्टिफिशियल लाइट मनुष्य के 24 घंटे में सोने और जागने की प्रक्रिया को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। जिससे हमारे शरीर में हार्मोन के उत्पादन, कोशिकाओं के विनियमन और अन्य जैविक गतिविधियों को नुकसान पहुंचता है। इसकी वजह से अनिद्रा, अवसाद, हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा और स्तन और प्रोस्टेट कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं।

» अनिद्रा

रात को स्मार्टफोन और गैजेट्स का इस्तेमाल करने से उनसे निकलने वाली रोशनी आपके शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का उत्पादन बाधित करती है। जो कि आपके सोने और जागने की प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार होता है। मनोवैज्ञानिकों की एक रपट के अनुसार प्रिंटेड चीजों की जगह स्मार्टफोन या गैजट्स का इस्तेमाल करने वाले लोगों को सामान्यतः आधा घंटा देरी से नींद आती है।

» अवसाद

आर्टिफिशल लाइट में ज्यादा देर तक रहने से शरीर में तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन का उत्पादन बढ़ता है, जो कि धीरे-धीरे अवसाद का रूप ले लेता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आर्टिफिशल लाइट में मौजूद नीली तरंग आंखो के रेटीना में मौजूद विषेष कोशिका को सक्रिय करती है, जिससे दिमाग के केंद्र जो कि व्यवहार, याददाश्त और सीखने की क्षमता के लिए जिम्मेदार होता है को प्रभावित करती है।

Do's Don'ts

तीन नियम

01 जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। यह जानते हुए भी हम हर कीमत पर खुद को सुरक्षित कर लेना चाहते हैं। कई बार सुरक्षा का यह एहसास इतना ज्यादा होता है कि हम जरा से बदलाव से डर जाते हैं। अपने सुरक्षित घेरे से बाहर कदम ही नहीं निकाल पाते। बधिर व दृष्टिहीन स्नातक लेखिका हेलन केलर कहती हैं, सुरक्षा एक अंधविश्वास ही है। जीवन या तो एक साहसिक रोमांच है या फिर कुछ भी नहीं।

02 सब चाहते हैं कि उनके आसपास वाले उन्हें सुनें और जैसा वह कह रहे हैं, वैसा ही करें। पर क्या ऐसा हो पाता है? ज्यादातर यही कहते हुए मिलते हैं कि डराए-धमकाए बिना काम ही नहीं होता। नतीजा, कहने और सुनने वाले के बीच दूरी बनी रहती है। मैनेजमेंट गुरु ब्रायन टेऊसी कहते हैं, किसी भी क्षेत्र में प्रबंधन का एक ही अचूक नियम है। दूसरों से उसी तरह काम करवाएं, जिस तरह आप चाहते हैं कि दूसरे आप से काम करवाएं।

03 ये हम पर निर्भर है कि हम चाहें तो बिखर जाएं या पहले से बेहतर बन जाएं। हाथ में आए मौके को लपक लें या फिर उसे दूसरों के हाथों में जाने दें। आप बुरी किस्मत कहकर खुद को दिलासा भी देते हैं। लेकिन, सच यही है कि यह भाग्य पर नहीं, आप पर निर्भर करता है। आप वही बन जाते हैं, जो आप चुनते हैं। लेखक स्टीफन कोवे कहते हैं, मैं अपने हालात से नहीं, फैसलों से बना हूं।

कन्या पूजन का पुण्य

नवरात्र में कन्या पूजन का बड़ा महत्व है। सच तो यह है कि छोटी बालिकाओं में देवी दुर्गा का रूप देखने के कारण श्रद्धालु उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। हमारे धर्मग्रन्थों में कन्या पूजन को नवरात्र-व्रत का अनिवार्य अंग बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि दो से दस वर्ष तक की कन्या देवी के शक्ति स्वरूप की प्रतीक होती है। हिंदू धर्म में दो वर्ष की कन्या को कुमारी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसके पूजन से दुःख और दरिद्रता समाप्त हो जाती है। तीन वर्ष की कन्या त्रिमूर्ति मानी जाती है। त्रिमूर्ति के पूजन से धन-धान्य का आगमन और सम्पूर्ण परिवार का कल्याण होता है। चार वर्ष की कन्या कल्याणी के नाम से सम्बोधित की जाती है। कल्याणी की पूजा से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पॉच वर्ष की कन्या रोहिणी कही जाती है। रोहिणी के पूजन से व्यक्ति रोग-मुक्त होता है। छः वर्ष की कन्या कालिका की अर्चना से विद्या, विजय, राजयोग की प्राप्ति होती है। सात वर्ष की कन्या चण्डिका के पूजन से ऐश्वर्य मिलता है। आठ वर्ष की कन्या शाम्भवी की पूजा से वाद-विवाद में विजय तथा लोकप्रियता प्राप्त होती है। नौ वर्ष की कन्या दुर्गा की अर्चना से शत्रु का संहार होता है तथा असाध्य कार्य सिद्ध होते हैं। दस वर्ष की कन्या सुभद्रा कही जाती है। सुभद्रा के पूजन से मनोरथ पूर्ण होता है तथा लोक-परलोक में सब सुख प्राप्त होते हैं। तंत्रशास्त्र के अनुसार, यदि संभव हो, तो साधक को नवरात्र में पहले दिन एक कन्या, दूसरे दिन दो, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन चार, पॉचवे दिन पॉच कन्या, छठे दिन छ, सातवें दिन सात, आठवें दिन आठ तथा नवें दिन नौ कन्याओं का पूजन करना चाहिए। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होकर अपने भक्तों की अभिलाषा पूर्ण करती हैं। यदि भक्तों के लिए यह संभव न हो, तो वे नवरात्र की अष्टमी अथवा नवमी के दिन अपनी सामर्थ्य के अनुसार, कन्या-पूजन करके भी देवी का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। देवी के शक्तिपीठों में भी कन्याओं की नित्य पूजा होती है। शक्ति के आराधकों के लिए कन्या ही साक्षात माता के समान होती है। देवी की स्तुति करते हुए कहा गया है-

या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

जिस भारतवर्ष में कन्या को देवी के रूप में पूजा जाता है, वहां आज सर्वाधिक अपराध कन्याओं के प्रति ही हो रहे हैं। वास्तव में जो समाज कन्याओं को संरक्षण, समुचित सम्मान और पुत्रों के बराबर स्थान नहीं दे सकता, उसे कन्या-पूजन का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। जब तक हम कन्याओं को यथार्थ में महाशक्ति यानि देवी का प्रसाद नहीं मानेंगे, तब तक कन्या-पूजन नितान्त ढोंग ही रहेगा। सच तो यह है कि शास्त्रों में कन्या-पूजन का विधान समाज में उसकी महत्ता को स्थापित करने के लिये ही बनाया गया है।

संवेदनशीलता

करें दूसरों की भावनाओं की कद्र

संवेदनशील एक बेहतरीन और अनोखी चीज है। कभी-कभी संवेदनशील लोगों को यह अहसास ही नहीं होता कि वे कितने खुशनसीब हैं। अगर आप संवेदनशील नहीं हैं तो आप कभी एक सच्चे इंसान नहीं बन सकते। हालांकि, एक संवेदनशील शख्स होना थोड़ा मुश्किल है लेकिन इस गुण के अपने कुछ फायदे भी हैं।

अंतर्ज्ञानी (इंट्यूटिव)

जरूरी है कि आप अपने इस व्यवहार को पसंद करें और खुद के लिए अच्छा महसूस करें। इंट्यूशन आपका आंतरिक गाइड होता है, जो आपको किसी भी एक्शन की पूरी तस्वीर दिखाने में मदद करता है। खुद के साथ यह गहरा रिश्ता आपको दूसरे लोगों को अलग तरह से समझना सिखाता है। साथ ही, ऐसे लोग समस्याओं के साथ बेहतर तरीके से डील करते हैं।

सबकी परवाह

जो लोग ज्यादा संवेदनशील होते हैं, वे ज्यादा केयरिंग भी होते हैं। वे अपनी और दूसरों की काफी परवाह करते हैं। याद रखें कि जितना ज्यादा आप ध्यान रखेंगे और परवाह करेंगे, आप उतनी ही मजबूत होंगे। संवेदनशील लोग, बेघर पशुओं की भी मदद करते हैं।

दूसरों की भावनाओं की कद्र

संवेदनशील लोग हमेशा दूसरों की भावनाओं की कद्र करते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो जान लें कि यह आपका एक शक्तिशाली गुण है। हालांकि, गुस्सैल लोगों से आने वाली नकारात्मक भावनाओं और डिस्ट्रेस से आपको सावधान भी रहना चाहिए।

आतंरिक दुनिया से जुड़ाव

संवेदनशील लोगों के पास हर स्थिति के बारे में एक खास नजरिया और भावना होती है। वह अपने अंदर की आवाज पर ध्यान देते हैं और उसे कभी नजरअंदाज नही करते। अगर आप भी संवेदनशील हैं तो आप भी अपनी भावनाओं और आंतरिक मन से जुड़े होगे। यही वजह है कि आप कोई भी काम बहुत ही समझदारी और सावधानी के साथ करते हैं।

संवेदनशीलता-रचनात्मकता

अगर आप संवेदनशील हैं तो हो सकता है कि आप क्रिएटिव यानी रचात्मक भी हों। बहुत से संवेदनशील लोग इंट्रोवर्ट होते हैं और यही उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। ऐसे लोगों के पास दुनिया को देखने और समझने का एक अनोखा और रचनात्मक नजरिया होता है।

सच्चा व्यक्तित्व

संवेदनशील लोग अपने व्यक्तित्व को लेकर वास्तविक होते हैं। वे कभी दिखावा नहीं करते और न ही अपने व्यक्तित्व को लेकर झूठ बोलते हैं। वे जैसे हैं, वैसे ही खुद को स्वीकार करते हैं। ईमानदारी उनका एक बहुत महत्वपूर्ण गुण होता है। ऐसे लोग खुले दिल के होते हैं।

सबक

ब्लैक बेल्ट

एक नौजवान मार्शल आर्टिस्ट को सालों की मेहनत के बाद ब्लैक बेल्ट देने के लिए चुना गया। समारोह वाले दिन नवयुवक मास्टर सेन्सोई के समक्ष ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने पहुंचा। सेन्सेई बोले, 'बेल्ट देने से पहले तुम्हें एक और परीक्षा देनी होगी।' 'मैं तैयार हूं। नवयुवक ने कहा। उन्होंने पूछा, ब्लैक बेल्ट हासिल करने का मतलब क्या है?' नवयुवक ने कहा, 'मेरी यात्रा का अंत व मेरे कठोर परिश्रम का इनाम। सेन्सेई बोले, 'तुम अभी ब्लैक बेल्ट पाने के काबिल नहीं हो। एक साल बाद आना।' एक साल बाद नवयुवक फिर ब्लैक बेल्ट लेने के लिए पहुंचा। सेन्सेई ने दोबारा वही प्रश्न किया, 'ब्लैक बेल्ट हासिल करने का मतलब क्या है?' नवयुवक ने कहा, 'यह इस कला में सबसे बड़ी उपलब्धि पाने का प्रतीक है। सेन्सेई संतुष्ट नहीं हुए। बोले, 'तुम अभी भी बेल्ट पाने के हकदार नहीं बन पाए ,फिर आना।' एक साल बाद फिर वह युवक उनके सामने था। सेन्सेई ने पुनः वही प्रश्न किया, 'ब्लैक बेल्ट हासिल करने का असली मतलब क्या है?'

'ब्लैक बेल्ट आरंभ है, एक कभी न खत्म होने वाली यात्रा का, जिसमें अनुशासन है, कठोर परिश्रम है, और हमेशा सर्वोत्तम मापदंड छूने की लालसा है। नवयुवक ने पूरे आत्मविश्वास से कहा।

सेन्सेई उत्तर सुन कर प्रसन्न हुए और बोले, 'बिल्कुल सही। अब तुम ब्लैक-बेल्ट पाने के लायक बने हो। इस सम्मान को ग्रहण करो और अपने कार्य में लग जाओ।

कई बार किसी बड़ी उपलब्धि को हासिल करने के बाद हम निश्चित हो जाते हैं। शायद यही वजह है कि शिखर पर पहुंचना, शिखर पर बने रहने से आसान होता है। हमें चाहिए कि हम अपनी उपलब्धि के मुताबिक और कड़ी मेहनत करें। अपने सम्मान की प्रतिष्ठा बनाए रखें।



सलाह

डॉक्टर के सवाल का दें सही जवाब

जब कभी किसी शारीरिक परेशानी या बीमारी के सिलसिले में आप डॉक्टर के पास जाते हैं, तो इलाज से पहले डॉक्टर आपसे कुछ सवाल पूछते हैं। क्योंकि इन सवालों का सीधा संबंध आपकी बीमारी से नहीं होता है, जिनका जवाब आप देना नहीं चाहते हैं इसलिए ज्यादा लोग अपनी उम्र कम कर के बताते हैं या अंदाजे से बताते हैं। कई बीमारियां ऐसी हैं, जिनमें आपकी उम्र का पता न चलने पर आपका इलाज गलत हो सकता है।

आपने क्या खाया

इस सवाल का जवाब भी बहुत से लोग गलत देते हैं कि उन्होंने क्या खाया है। कई बार कुछ बीमारियों का सीधा संबंध हमें अपने खाए गए आहार से दिखाई नहीं देता है मगर उसमें मौजूद कुछ तत्वों का संबंध इससे हो सकता है, जिसके बारे में डॉक्टर हमसे ज्यादा बेहतर समझते हैं।

दवाओं के बारे में

जब किसी डॉक्टर के पास आप दोबारा जांच के लिए जाते हैं तो डॉक्टर अक्सर आपसे पूछते हैं कि क्या पहले दी हुई सभी दवाओं को आपने सही टाइम पर खाया है इस सवाल का जवाब भी बहुत से लोग गलत देते हैं। अगर आपने दवा की कोई डोज मिस कर दी है तो बताना चाहिए।

सिगरेट-शराब पीते हैं?

चिकित्सक मरीज सें अक्सर ये सवाल भी पूछते हैं कि क्या तंबाकू, शराब या किसी नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं या धूम्रपान करते हैं या कितना करते हैं ,इस सवाल का जवाब भी बहुत से लोग गलत देते हैं। लेकिन गंभीर बीमारियों के मामले में ये घातक हो सकता है।अतः डॉक्टर से कोई बात छिपाना ठीक नहीं, उस्केसवालों का सही जवाब आपकी अच्छी सेहत के लिए जरुरी है।

परवरिश

बच्चों की खातिर मुस्कुराना

एक पिता का साथ बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अलग-अलग शोध यह साबित कर चुके हैं कि छुटपन से बच्चे पिता के मूड और व्यवहार से बहुत प्रभावित होते हैं।

अगर आप घर पर मुस्कुराते नहीं हैं तो आज से ही ऐसा करना शुरू कर दें क्योंकि आपके मूड का बच्चों पर आपकी सोच से अधिक असर पड़ता है। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में एक शोध के मुताबिक बच्चे के विकास पर पिता के पेरेंटिंग से संबंधित स्टेड्स का बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यूनिवर्सिटी की ओर से 730 परिवारों पर हुए सर्वे में पाया गया कि जो पिता पेरेंटल स्टेड्स में होते हैं या फिर अवसाद का शिकार होते हैं, उनके बच्चों का विकास प्रभावित होता है। यह परिणाम उस अवधारणा के विरूद्ध है, जिसमें माना जाता है कि बच्चों की परवरिश और विकास में पिता का प्रभाव मां की तुलना में कम पड़ता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि पिता के पेरेटिंग से संबंधित स्टेड्स का असर बच्चों के ज्ञान और भाषा संबंधी विकास पर तभी से पड़ने लग जाता है, जब वह दो या तीन साल का होता है।

अलग न करें

पिता बच्चों की परवरिश से खुद को अलग नहीं कर सकते। अगर आप अब तक यही मानते आए हैं कि आपका काम घर में चीजें जुटाना है तो फिर अपनी सोच बदल दीजिए। ऑफिस का काम कभी घर पर मत लाइए। बच्चे उस थोड़े से वक्त में आपका साथ चाहते हैं और चाहते हैं कि आप उनके साथ खेलें न कि ऑफिस की झल्लाहट उन पर निकालें।

पिता से सीखते हैं बच्चे

यह भी सही है कि पिता पर बच्चे की परवरिश का बहुत दबाव रहता है और पेरेंटिग संबंधी मानसिक परेशानियों से वह चाहे न चाहे घिर ही जाता है। ऐसे में शोध ने इस बात को पुरजोर तरीके से साबित किया है कि बच्चों के बड़े होने में मां के साथ-साथ पिता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चा कितना सीखेगा, यह उन पर काफी हद तक निर्भर करता है।

असर बड़े होने तक

यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर क्लेर वालोट्न के मुताबिक, पहले यह माना जाता था कि पिता बच्चों को सीधे तौर पर प्रभावित नहीं करते। उनका काम घर में संसाधन जुटाना है और मां ही बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है पिता बच्चों को न केवल कम उम्र में प्रभावित करते हैं, बल्कि इसका असर उनके बड़े होने तक भी बना रहता है।

लोककथा

पद का मोह

सुकांत को बुद्ध के पास रहते कई वर्ष हो गए तो उसने धर्म प्रचार की आज्ञा मांगी। बुद्ध ने कहा- पुत्र पहले स्वयं को इस योग्य बनाओ। सुकांत कई वर्षो तक कई कलाएं व विधाएं सीख कर आया और बुद्ध से पुनः धर्म-प्रचार की आज्ञा मांगी। बुद्ध ने अगले दिन आने को कहा। अगले दिन मठ में आने पर सुकांत को बुद्ध के आसन पर दो युवक बैठे दिखाई दिए। वह क्रोधित होकर उन्हें वहां से हटाने लगा तो उन्होंने कहा-हम राज कर्मचारी हैं। बुद्ध को लेने आये थे। अगर तुम चाहो तो तुम भी राजगुरू बनकर अच्छा कमा सकते हो। सुकांत ने चलने के लिए हामी भरी ही थी कि तभी वहां बुद्ध आम्रपाली के साथ आ पहुंचे। उन्हें देखते ही वह आम्रपाली की ओर आकृष्ट होते हुए बुद्ध से अपने और राज कर्मचारियों के बीच हुई बातचीत का विवरण देने लगा। बुद्ध ने कहा- 'पुत्र तुम अभी धर्म प्रचारक या राजगुरू पद के योग्य नहीं हुए हो। तुम में से अभी क्रोध नही गया है। राजगुरू का पद मोह भी तुम्हें अपनी ओर खींचता है, और मुझसे बात करते हुए तुम्हारा ध्यान आम्रपाली की और लगा हुआ था। क्रोध, लोभ और काम जिस दिन तुमसे छूट जाएंगे, तुम उसी दिन मठाधीश का पद संभाल सकते हो।

ध्यान

विश्राम का सरल मार्ग

हम सभी ने अपने जीवन में ध्यान की अवस्था को महसूस किया है। जिन क्षणों में हम बेहद खुश हुए हैं, या फिर जिन क्षणों में हम किसी काम में तल्लीनता से डूब गए हैं, ऐसे क्षणों में हमारा मन हल्का और आरामदायक प्रतीत होता है। हालांकि हम सबने ऐसे क्षणों को अनुभव किया है लेकिन हम अपनी मर्जी से दोबारा अनुभव नहीं कर पाते हैं। सहज समाधि ध्यान यही करना सिखाता है। यह ध्यान करने की अनूठी प्रक्रिया हैं, जिसके अभ्यास से आप तुरंत ही तनाव और परेशानियों से ऊपर उठकर मन में असीम शांति अनुभव करते हैं और शरीर में स्फूर्ति आती है।

सहज एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है प्राकृतिक या जो बिना किसी प्रयास से किया जाए, समाधि एक गहरी आनन्दमयी ध्यानस्थ अवस्था है अतः सहज समाधि वह सरल प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हम आसानी से ध्यान कर सकते है। ध्यान करने से सक्रिय मन शांत होता है, और स्वंय में स्थिरता आती है। जब मन स्थिर होता है तब उसके सभी तनाव छूट जाते हैं, जिससे हम स्वस्थ और केन्द्रित महसूस करते हैं।

प्रक्रिया

यह मंत्र-ध्यान है, जिसमें एक सरल ध्वनि/मंत्र द्वारा सिखाई जाती है, जिसका मन में स्मरण करने पर मन स्थिर होने लगता है और भीतर जाने लगता है जब मन और तांत्रिक तंत्र गहरे विश्राम में स्थिर होते हैं हमारे मन और विकास के मार्ग के अवरोध स्वतः खुलने लगता है।

फायदे

जब एक नदी शांत होती है, तब उसमें प्रतिबिम्ब अधिक साफ दिखाई देता हैं, उसी प्रकार जब मन शांत होता है, तभी हम अधिक स्पष्टता से अपनी बात को व्यक्त कर पाते हैं, तब किसी भी बात को देखने समझने और व्यक्त करने की कला निखरती है फलस्वरुप हम अपने जीवन में अधिक स्पष्टता से संवाद कर पाते हैं। ■



स्वीकारोक्ति

मन बदलने से मिलती है खुशी

दिन बुरे हों या अच्छे, दोनों ही जीवन के प्रति हमारा आकर्षण बनाए रखते हैं। दोनों ही हमें मजबूती देते हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि जब हालात बुरे होते हैं, तब हम उसका किस तरह से सामना करें। अक्सर हम खुशी हो या गम, दोनों की ही अति में चले जाते हैं। फिर या तो एकदम फूलकर कुप्पा हो जाते हैं या बिल्कुल टूट जाते हैं। जीवन में तो दोनों ही आएंगे उसको नकारा नही जा सकता, इसलिए अपने भीतर स्वीकार का भाव लाएं।

जो भी घट रहा है उसको आप स्वीकार करें। अस्वीकार करने से ही हमारे हिस्से दुख आता है। स्वीकार भाव पैदा होने से खुशियां खुद-ब-खुद आपके साथ बनी रहेंगी। खुशी और गम जीवन के दो पहलू हैं। खुशी तभी तक खुशी लगती है जब उसकी गम के साथ तुलना न हो तो खुशी, खुशी नहीं रह जाएगी। ऐसे ही जीवन में जब बुरे हालात पैदा होते हैं, तब हम उसकी अच्छे दिनों से तुलना करते हैं और दुखी हो जाते हैं। हालांकि, जीवन दोनों के साथ चलता है। किसी के भी जीवन में हमेशा न खुशी रह सकती है न गम, चाहे वह राजा हो या रंक। बाहर की खुशी हमेशा रहने वाली नहीं। वह क्षणिक है। आती है और चली जाती है, लेकिन जब भीतर की खुशी पैदा होती है, तब बाहर की झूठी खुशी का इंतजार करना नहीं पड़ता। भीतर का आनंद अध्याम से आता है। अध्याम के बिना अंदर की खुशी वास्तविक नहीं झूठी ही होती है। जीवन एक उत्सव है। शरीर का कब अंत हो जाए, कुछ पता नहीं, इसलिए आज को भरपूर जी लो, कल के भरोसे न बैठो, वह कभी नहीं आता। दुखी रहने के लिए जीवन नहीं मिला है। ■

बढ़ते कदम

पोलियो को हरा, आगे बढ़ा सलमानी

इलाहाबाद निवासी 23 वर्षीय मो.आबिद सलमानी जन्मजात पोलियोग्रस्त हैं। इनके दोनों पांव नाकाम होने से घिसटते हुए जीवन व्यतीत करना ही जैसे इनकी नियती था। गरीबी की मार ने भी उन्हें और माता-पिता को बुरी तरह तोड़ दिया था। समय पर उपचार नहीं मिलने से दोनों पांव दिनों दिन अधिक अक्षम होते चले गए।

इसी वर्ष उन्हें किसी परिचित ने नारायण सेवा संस्थान में पोलियो की निःशुल्क चिकित्सा की जानकारी दी। इस पर वे संस्थान में आए और पिछले जनवरी से जून 2018 के बीच क्रमशः दोनों पांव के ऑपरेशन हुए। अब वे बैसाखी के सहारे खड़े हो सकते हैं। ऑपरेशन के बाद अपने शहर लौट कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए ऑटो चलाना सीखा और उसे रोजगार का माध्यम भी बनाया।

परिवार अब सुकून के साथ रहता हैं। उन्होंने बताया कि वे और आगे बढ़ना चाहते हैं, इसी लक्ष्य से फिर नारायण सेवा संस्थान में आए हैं और इन दिनों निःशुल्क मोबाइल सुधार का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वे कहते हैं कि नारायण सेवा ने उन्हे अंधेरे से निकाल कर प्रकाश की राह दिखाई, जिसके लिए मैं आभारी रहूंगा।

विकास को मिली जीने की राह

हरिद्वार के धनपुरा निवासी विकास कुमार (36) किडनी में खराबी से यह मान बैठे थे कि उनकी सांसों की डोर कभी भी टूट सकती है। दिन-ब-दिन कमजोर होते जा रहे विकास की दुनिया बिस्तर के इर्द-गिर्द ही सिमटी थी। उन्हे सब ओर अंधेरा ही दिखाई पड़ता था तभी उदयपुर के सेवा परमोधर्म ट्रस्ट ने उन्हें संभाला जिससे उन्हें जीने की राह मिल गई।

विकास कुमार इस रोग की चपेट में बहुत पहले आ चुके थे, किन्तु डेढ़ वर्ष पूर्व ही जांच पर रोग की गंभीरता सामने आई। दोनों किडनियां खराब हो चुकी थीं। डॉक्टरों ने किडनी प्रत्यारोपण के लिए अनुमानतः 7 लाख रूपए का खर्च बताया। गरीब परिवार के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि जुटाना पहाड़ को उठाने जैसा असंभव कार्य था। माता-पिता का बहुत पहले ही देहान्त हो चुका था। वे स्वयं विवाहिता बहिन पर निर्भर थे। बहिन भी भाई की दिनों-दिन गिरती हालात और शरीर के हिस्सों में प्रायः सूजन से दुखी थी। साधारण परिवार में ब्याही बहिन की आर्थिक स्थिति भी कमजोर थी। विकास के पास न रोजगार था और न वे कोई काम करने में सक्षम थे। तभी उन्हें किसी परिचित ने सेवा परमोधर्म ट्रस्ट से सम्पर्क की सलाह दी। सेवा परमोधर्म ट्रस्ट ने अब तक के इलाज और आर्थिक स्थिति की जानकारी लेने के बाद उन्हे इलाज के लिए मदद दी। इलाज का सम्पूर्ण व्यय 6,017,09 सीधे अस्पताल को भिजवाया गया।

दिव्यांग भाई-बहिन अपना ऑपरेशन करवाने हेतु प्रतिक्षारत हैं कृपया मदद करें।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

दृष्टिबाधित दीपक का सपना साकार

बिहार के छपरा शहर के मूलनिवासी दीपक कुमार जन्म से ही दृष्टि बाधित हैं। उनके पिता पेशे से किसान हैं। वे अपनी सीमित आय से बमुश्किल परिवार का खर्च चला पाते हैं। उन्होंने रात दिन परिश्रम कर दीपक को पढ़ाया-लिखाया। वर्तमान में दीपक दृष्टिहीनों के लिए प्रायोजित दो वर्षीय स्पेशल टीचर का कोर्स कर रहे हैं। गरीबी के कारण उनके पिता इस खर्च को वहन करने में असमर्थ थे। प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम शुल्क उनके परिचित संवेदनशील व्यक्ति ने जमा करवा दिया था। फिर द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क 11 हजार 500 रूपए जमा कराने की समस्या आ खड़ी हुई है। इसी दौरान दीपक को साथी जुगताराम से नारायण सेवा संस्थान एवं सेवा परमो धर्म ट्रस्ट से संपर्क करने की सलाह मिली। इस पर ट्रस्ट ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति एवं दीपक का पढ़ाई के प्रति रूझान देखकर वांछित आर्थिक मदद उपलब्ध कराई।

वर्कशॉप

सिलाई व मोबाइल सुधार कार्यशाला

संस्थान के लियो का गुड़ा सेवा महातीर्थ में 6 अगस्त को निर्धन एवं दिव्यांग महिलाओं के लिए संचालित स्वरोजगारोन्मुखी सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में विशेषज्ञ श्रीमती वंदना सुथार ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को राजस्थान में पहने जाने वाले विशेष परिधानों की कटिंग, सिलाई एवं डिजाइनिंग की जानकारी दी। वही 18 अगस्त को संस्थान के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण ले रहे दिव्यांग एवं निर्धन प्रशिक्षणार्थियों के लिए विशेष कार्यशाला हुई। जिसमें मोबाइल रिपेयरिंग के निष्णात सूरज खारोल ने मोबाइल के पुर्जो, उनके कार्य, खराबी और सुधार की विस्तार से जानकारी दी।

खेल-खिलाड़ी

जूडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन

उदयपुर जिला सब जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में पिछले दिनों श्रमजीवी महाविधालय में संपन्न जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में सेवा परमो धर्म-नारायण सेवा संस्थान के निराश्रित बालगृह के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जर्नादनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति एस,एस. सारंगदेवोत ने बालकों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बालक नरेश परमार, नरेश बम्बुरिया, ललित गरासिया, हरजी मीणा ने गोल्ड मेडल हासिल किया तथा किशन भील ने सिल्वर मेडल व राहुल गमार ने ब्रोन्ज मेडल जीता। इनमें से नरेश परमार, नरेश बम्बुरिया, ललित गरासिया और हरजी मीणा का चयन राज्य स्तरीय जूडों प्रतियोगिता के लिए हुआ।

आपश्री का सहयोग इन दिव्यांग बच्चों के चेयरे पर मुस्कान ला रहा है-कृपया ममद करें।

परिणय

यादगार लम्हों में बंधे जीवन की डोर से

» संस्थान में 52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों का ठाठ से हुआ विवाह

मंगल घडियों ने जब दस्तक दी तो चेहरे उल्लास से दमक उठे। खुशियों में मगन होकर झूमते लोगों के साथ शादी के जोड़े में बग्घियों पर सवार होकर निकले दूल्हा-दुल्हन को देख मन हर्षा गए। बैंड-बाजों का धूम-धड़ाका, रिमझिम फुहारों का स्वागत, सत्कार और दिव्यांग जोड़ों की खुशियों में शरीक होने देश के कोने-कोने से आए सैंकड़ों लोग। अवसर था नारायण सेवा संस्थान की ओर से दो दिवसीय निःशुल्क 31 वें दिव्यांग एवं निर्धन युवक - युवती सामूहिक विवाह समारोह के प्रथम दिन 8 सितम्बर 2018 को आयोजित दो दिवसीय भव्य बिंदौली का।

बिंदौली में नाचते-गाते निकले लोगों ने दिव्यांग जोड़ों पर स्नेह का ऐसा उल्लास बिखेरा कि देखने वाले भी भाव विभोर होकर थिरक उठे। भव्य बिंदौली में 52 जोड़े सजी-धजी बग्घियों पर सवार थे। बग्घियों के पीछे उल्लासित बाराती देशभक्ति तरानों, सदाबहार गीतों, राजस्थानी लोकगीतों के साथ ही गुजराती, मराठी गीतों की धुन पर जमकर थिरके। बिंदौली सूरजपोल, बापू बाजार, होते हुए देहलीगेट पहुंची। रास्ते में जगह-जगह स्वागत द्वार पर भव्य स्वागत किया गया।

बिंदौली को संस्थान के संस्थापक पूज्य श्री कैलाश जी 'मानव', सह संस्थापिका श्रीमती कमलादेवी जी अग्रवाल, मध्यप्रदेश सरकार के सूचना आयुक्त श्री आत्मदीप, डॉ. दिलखुश सेठ, नितीन जी पारीख, अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल, निदेशक वंदना जी अग्रवाल, ट्रस्ट्री देवेंद्र जी चौबीसा ने झण्डी दिखकर रवाना किया।इससे पूर्व प्रातः सेवा महातीर्थ में भामाशाह सम्मान एवं कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्य म हुआ जिसमें रानी दुलानी मुम्बई, पंकज चौधरी हैदराबाद, कुसुम गुप्ता दिल्ली, आरएस अरोड़ा दिल्ली, बालकृष्ण तिवारी इंदौर, रामजीभाई सूरत आदि दानदाताओं ने आशीर्वचन के बीच दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित किए। समारोह में 1510 भामाशाहों का सम्मान किया गया। संचालन महिम जैन ने किया। दिव्यांग जगदीश व योगेश ने व्हील चेयर पर डांस परफॉरमेंस देकर सबको रोमांचित कर दिया।

इसके बाद मेहंदी की रस्म हुई जिसमें बारी-बारी से सभी दिव्यांग वधुओं के हाथों में मेहंदी रची गई। यहां मेहंदी रस्म के पारम्परिक गीतों ने भी समां बांधा। इसके बाद सबने पांडाल में प्रथम पूज्य गणपतिजी का आशीर्वाद लिया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

» वधुओं को मेहन्दी लगाती श्रीमती वंदना अग्रवाल

» दिव्यांगों में टेलेंट देख-चकित हुए अतिथि

मिली खुशियों की सौगात

जीवन भर के लिए रिश्तों की डोर बंधी तो मन बार-बार हर्षित हुआ। यादगार लम्हों के साक्षी बनें अपनों के दुलार ने जीवन के हर दर्द को भुला दिया। उमंगों से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में दिव्यांगता का दंश पीछे छूट अतीत में खो गया और नए जीवन साथी के साथ जीवन की नई राहों ने दस्तक दी। शाही इंतजामों के बीच नाते-रिश्तेदारों, दोस्तों ने हंसी-ठिठौली के बीच खूब स्नेह लुटाया। देशभर से आए धर्म माता-पिता के सान्निध्य ने अभिभूत और भावुक कर दिया। गणमान्यजनों की मौजूदगी ने दिव्य आयोजन की आभा में चार-चांद लगा दिए। हजारों लोगों की साक्षी में लियों का गुड़ा (बड़ी) स्थित संस्थान परिसर में विशाल निःशुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह के दूसरे दिन 9 सितम्बर 2018 को देश के विभिन्न राज्यों से आए 52 जोड़े पारम्परिक रस्मो रिवाज से सात जन्मों के बंधन में बंधे। संस्थान संस्थापक परम पूज्य कैलाश जी 'मानव', सह संस्थापिका श्रीमती कमलादेवी जी अग्रवाल, अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल, निदेशक वंदना जी अग्रवाल, ट्रस्ट्री देवेंद्र चौबीसा, तारा संस्थान की संस्थापक-अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल के सान्निध्य में हुए इस समारोह में आशीर्वाद, आशीर्वचन, आस्था और अपनेपन की झलक देखने को मिली। विवाह समारोह का जो भी साक्षी बना, भाव-विभोर हो गया। शुभ मुहूर्त में विवाह समारोह की रस्मों की शुरुआत हुई जिसमें दूल्हों ने नीम की डाली से तोरण की रस्म अदा की। देशभर से आए हजारों लोगों की मौजूदगी में वरमाला एवं आशीर्वाद समारोह हुआ। शादी के जोड़ों में सजे दूल्हा-दुल्हन ने बारी-बारी से एक-दूसरे को वरमाला पहना हमेशा के लिए रिश्ते की डोर को अपनेपन के उल्लास के साथ जोड़ दिया। तालियों की गडगड़ाहट, मंगल गीतों की आह्लादित करती वेला में विशेष तौर पर बनाए गए हाइड्रोलिक मंच पर पांच जोड़ों की वरमाला का दृश्य तो बस देखते ही बन पड़ा। घूमते हुए मंच पर पुष्प वर्षा व भव्य आतिशबाजी के बीच वर-वधू ने वरमाला की रस्म अदा की तो खचाखच भरे डोम व उसके बाहर मौजूद हजारों लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। जोड़ों में कई दूल्हा-दुल्हन दिव्यांग थे, मगर उत्साह सबका देखते ही बनता था। वरमाला के दौरान कोई दूल्हा कृत्रिम उपकरणों की मदद से वरमाला लिए आगे बढ़ा तो कोई जमीन पर हाथों व पैरों की मदद से, तो कोई

» कृत्रिम अंग पाकर उल्लसित दिव्यांगजन

» बिन्दोली में प्रशान्त जी व वंदना जी के साथ झूमते नाचते बाराती

व्हील चेयर पर आया। इससे पूर्व अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल, निदेशक वंदना जी अग्रवाल व साधक डोली में दुल्हन को लेकर पहुंचे तो पूरा पांडाल ही थिरक उठा। समारोह में विशिष्ट अतिथि रानी दुलानी मुम्बई, श्री पंकज चौधरी हैदराबाद, श्रीमती कुसुम गुप्ता दिल्ली, श्रीमती अलका चौधरी हैदराबाद, श्रीमती प्रेम निजावन दिल्ली, श्री हरी निवास जी आगरा, श्री प्रभुनाथ सिंह जी इलाहबाद, श्रीमती राधा रानी फरीदाबाद, श्री विजेंद्र दत्त दिल्ली, श्री आरएस अरोड़ा दिल्ली व श्री बालकृष्ण तिवारी इंदौर ने आशीर्वचन प्रदान किए। वरमाला के बाद विवाह स्थल पर ही तैयार वेदियों पर मुख्य आचार्य पण्डित हरीश शर्मा के मार्गदर्शन में विवाह की सभी रस्में विधि-विधान के साथ व धर्म माता-पिता के सानिध्य में संपन्न हुईं। पाणिग्रहण संस्कार के बाद विवाह की अन्य रस्में हुईं। वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुडग़ांव, जोधपुर, देहरादून, पटना, बड़ौदा सहित देश के कई राज्यों व शहरों से संस्थान सहयोगी एवं अतिथि पधारे। समारोह में आयोजक समितियों के दल्लाराम पटेल, रोहित तिवारी, विष्णु शर्मा हितैषी, दीपक मेनारिया, मनीष परिहार, भगवती मेनारिया, दिनेश वैष्णव, कुलदीप शेखावत, अम्बालाल श्रोत्रिय, जितेंद्र गौड़, दिग्विजय सिंह, अनिल आचार्य ,रजत गौड़, ऐश्वर्य त्रिवेदी, राजेन्द्र सोलंकी, राकेश शर्मा, जसबीर सिंह विभिन्न व्यवस्थाओं में सहभागी बने। संचालन महिम जैन ने किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

» नीम की डाली से तोरण की परम्परा का निर्वाह

» चारों ओर घूमते हाईड्रोलिक मंच पर वरमाला की रस्म

मुख्यमंत्री का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे की ओर से भी जोड़ों के आशीर्वाद का संदेश मिला। राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने ऐसे भव्य आयोजन के लिए संस्थान को प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

विदाई की वेला में भर आई आंखें

शादी की खुशियों के बीच जब जोड़ों की विदाई वेला आई तो पांडाल में मौजूद सभी लोगों की आंखों से अपनेपन के आंसू छलक आए। दूल्हनों को डोली में बिठाया गया। परिजनों, मित्रों के साथ ही धर्म माता-पिता ने मंगल आशीष के साथ बेटियों को विदा किया। परिजनों ने नारायण सेवा संस्थान परिवार का आभार जताया। संस्थान की ओर से सभी जोड़ों को उनके गांव, शहर में स्थित निवास स्थान तक छोडने के लिए विशेष बस, कारों व अन्य वाहनों की निःशुल्क व्यवस्था की गई। जोड़ों को गृहस्थी के लिए आवश्यक सामान के रूप में थाली, कटोरी, गिलास, स्टील की कोठी, बर्तन, कूकर, ' ाकरी, सिलाई मशीन, डिनर सेट, गैस चूल्हा, कंबल, बेडशीट्स, तकिया, घड़ी, साडियां, पेंट-शर्ट्स, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया, अंगूठी सहित अन्य घरेलू उपहार सामग्री आदि प्रदान किए गए। ■

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

मीडिया

illustrated india
voice of youth

BUSINESS ECONOMICS EDUCATION ENTERTAINMENT HEALT
S TECHNOLOGY WORLD CRIME

52 Divyang and Underprivileged Couples ties knot at Narayan Seva Sansthan

- 31st mass marriage ceremony for Divyang and underprivileged couples was arranged Free of Cost by Narayana Seva Sansthan

The environment was lit with emotions and happiness for the families of the two people getting married to each other. The presence of many dignitaries from NGOs and Ministries added the charm to the event and made it memorable.

This beautiful and unique ceremony held on Sunday at the campus of Narayan Seva Sansthan situated at Badi district of Udaipur. The ceremony was witnessed by thousands of people who blessed newlywed couples with love and happiness.

On this occasion, total of 52 couples from different states of the country got married via traditional rituals. The event took place in the presence and amidst the blessings of Mr. Kailash Manav – founder of Narayan Seva Sansthan, Kamaladevi Agarwal, President Prashant Agrawal, Director Vandana Agrawal, Trustee Devendra Chobisa and Jagdish Arya.

During the ceremony, the entire bridegroom followed traditional rituals for 'toran'. Post this all the bride and the bridegroom put 'vanmalas' on each other and took blessings from the elders present in the event.

The event included both differently abled bride and bridegroom and in spite of being with a physical disability, all of them showed excitement and immense happiness.

The couples, who did not have their original parents, were blessed and helped by their guardians. To give blessings to the newly-wed couples, numerous representatives and guests from various NGOs belonging to Delhi, Mumbai, Ahmedabad, Gaziabad, Faridabad, Gurgaon, Jodhpur, Indore, Agra, Nagpur, Hyderabad, Aligar, Pune, Rajkot, Dehradhun, Patna, Baroda, were also present.

The Organization Committee members, namely, Dalaram Patel, Rohit Tiwari, Deepak Menaria, Manish Parihar, Bhagwati Menaria, Dinesh Vaishnav, Kuldeep Shekhawat, Ambalal, Jitendra Gaur, Digvijay Singh, Anil Acharya and Rajat Gaur looked at the smooth flowing of the arrangements.All the beneficiaries and their families and dear ones, thanked Narayan Seva Sansthan for this initiative which helped in bringing together various lives.

On behalf of the Chief Minister Mrs. Vasundra Raje, the Women and Child Development Ministry of Rajasthan Government presented the citation for such a grand event.

Spread the love

SABGURU NEWS हर खबर पर नजर

Buy Car In

समाचार देश विदेश बिजनस खेल ज्योतिष हेल्थ

Nation Rajasthan Udaipur

52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों को मिली खुशियों की सौगात

सितम्बर 10, 2018

Like 2 Tweet

उदयपुर । जीवन भर के लिए रिश्तों की डोर बंधी तो मन बार-बार हर्षित हुआ। वादगार लम्हों के साक्षी बने अपनी के दुलार ने जीवन के हर दर्द को भुला दिया। उमंगों से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में दिव्यांगता का दंश पीछे छूट अतीत में खो गया और नए जीवन साथी के साथ जीवन की नई राहों ने दस्तक दी। साही इंतजामों के बीच नात-रिश्तेदारों, दोस्तों ने हंसी-ठिठोली के बीच खूब स्नेह लुटाया। दशभर से आए बधों माता-पिता के साल्निध्य ने अभिभूत और भावुक कर दिया। गणमान्यजनों की मौजूदगी ने दिव्य आयोजन की आभा में चार-चांद लग दिए।

इंजारों लोगों की साक्षी में यह अनूठा उपहार था **नारायण सेवा संस्थान** की ओर से निर्धनों का जुड़ा बड़ी स्थित मुख्यालय पर रविवार को आयोजित हुए 31वें भव्य विवाह निःशुल्क **दिव्यांग सामूहिक विवाह समारोह** का। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए 52 जोड़े पारम्परिक रस्मों रिवाज से सात जन्मों के बंधन में बंधे। नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश 'मानव', राष्ट्र संस्थापिका कमलादेवी अग्रवाल, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल, ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, जगदीश आर्य के साल्निध्य में हुए इस समारोह में आशीर्वाद, अशीर्वचन, आस्था और अपनेपन की अद्भुत झलक देखने को मिली। विवाह समारोह का जो भी साक्षी बना, भाव-विभोर हो गया।

शुभ मुहूर्त में विवाह समारोह की रस्मों की शुरुआत हुई जिसमें दूल्हों ने नीम की डाली ने तोरण की रस्म अदा की। इसके बाद संस्थान परिसर में बने विशाल पांडाल में देशभर से आए हजारों लोगों की मौजूदगी में परमाला एवं आशीर्वाद समारोह हुआ। शादी के जोड़ों में सजे दूल्हा-दुल्हन ने बारी-बारी से एक-दूसरे को परमाला पहना हमेशा के लिए रिश्ते की डोर को अपनेपन के उल्लास के साथ जोड़ दिया। शादियों की सड़ाहाट, मंगल गीतों की आह्लादित करती धुन में विशेष तौर पर बनाए गए हाइड्रोलिक मंच पर पांच जोड़ों की परमाला दृश्य तो बस देखते ही बन पड़ा।

चलते हुए मंच पर पुष्प वर्षा व भव्य आतिशबाजी के बीच वर-वधू ने परमाला की रस्म अदा की तो बधावाचार भरे ढोल व उनके बाहर मौजूद हजारों लोगों ने बार-बार करतल ध्वनि से स्वागत किया। उनके फोटो व वीडियो लेने की भी होड़ लग गई। जोड़ों में कोई दूल्हा दिव्यांग था, तो कोई दुल्हन, तो कोई दोनों भगर उत्साह सबका देखते ही बना। परमाला के दौरान कोई दूल्हा कृत्रिम उपकरणों की मदद से परमाला लिए कोई आगे बढ़ा तो कोई जमीन पर हाथों व पैरों की मदद से, तो कहीं कोई व्हील चेयर पर परमाला लिए था। इस दौरान विवाह के पारम्परिक व फिल्मी गीतों व धुनों पर पूरा पांडाल ही थिरक उठा। इससे पूर्व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल आदि एक ठोली में दुल्हन को लेकर पहुंचे तो पूरा पांडाल ही थिरक उठा।

समारोह में अतिथि जिसमें रानी दुलारी मुम्बई, पंकज चौधरी हैदराबाद, कुसुम गुप्ता दिल्ली, अनका चौधरी हैदराबाद, पेज निजलन दिल्ली, हरी निवास जी आगरा, प्रलुनाथ सिंह इलाहाबाद, राधा रानी फरीदाबाद, विजैद दत्त दिल्ली उपराल अरोड़ा दिल्ली, बालकृष्ण तिवारी इंदौर, ने आशीर्वचन प्रदान किए।

परमाला के बाद विवाह स्थल पर ही तैयार वेदियों पर तृतीय आचार्य के मार्गदर्शन में विवाह की सभी रस्में विधि-विधान के साथ संत समुदाय की मौजूदगी व धर्म माता-पिता के आशीर्वाद के बीच संपन्न हुई। पाणिग्रहण संस्कार के बाद विवाह की अन्य रस्में हुईं। वर-वधुओं को अशीर्वाद प्रदान करते दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुड़गांव, जोधपुर, इंदौर, आगरा, नागपुर, हैदराबाद, अलीगढ़, पूना, राजकोट, देहरादून, पटना, बड़ौदा सहित देश के कई राज्यों व शहरों से संस्थान के सहयोगी एवं अतिथियगण पधारे।

समारोह में आयोजक समितियों के दलाराम पटेल, रोहित तिवारी, दीपक मेनारिया, मनीष परिहार, भगवती मेनारिया, दिनेश वैष्णव, कुलदीप शेखावत, अम्बालाल, जितेंद्र गौड़, दिग्विजय सिंह, अनिल आचार्य और रजत गौड़, विभिन्न व्यवस्थाओं में सहभागी बने। संचालन मोहिन जैन ने किया। विदाई की वेला में भर आई आंखें शादी की खुशियों के बीच जब दिव्यांग बहनों की विदाई की वेला आई तो पांडाल में मौजूद सभी लोगों की आंखों से अपनेपन के आंसू छलक आए। दूल्हनों को डोली में बिठाया गया। परिजनों, मित्रों के साथ ही धर्म माता-पिता ने मंगल आशीष के साथ वेदियों को विदा किया। परिजनों ने नारायण सेवा संस्थान परिवार का आभार जताया।

Shine Delhi Developing City & Culture

responce

दिल्ली खास न्यूज़ फोटो गैलरी वीडियो समाचार पर्यटन खाना बॉलिवुड देश/विदेश

Home

52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों को मिली खुशियों की सौगात

News Detail 10 Sep 2018 Related News

दिव्य वातावरण के बीच यादगार लम्हों में बंधी रिश्तों की डोर।

English | Urdu | Arabic | Turkish | Pakistan | India

Odisadiary

Categories Contact us All news Search

5 days ago odisadiary.com

52 Divyang and Underprivileged Couples ties knot at Narayan Seva Sansthan

Udaipur: The environment was lit with emotions and happiness for the families of the two people getting married to each other. The presence of many dignitaries from NGOs and Ministries added the charm to the event and made it memorable. This beautiful and unique ceremony held on Sunday at the campus of Narayan Seva Sansthan || The post 52 Divyang and Underprivileged Couples ties knot at Narayan Seva Sansthan appeared first on Odisha Diary.

Read on the original site

इंगरपुर। रविवार, 09 सितम्बर 2018 www.sunrise@rediff.com 4

52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों की ठाठ से निकली बिंदौली

बग्घियों में सजे दूल्हा-दुल्हन, खूब झूमे परिजन और धर्म माता-पिता

52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों की ठाठ से निकली बिंदौली

बग्घियों में सजकर बैठे दूल्हा और दुल्हन

खूब झूमे परिजन और धर्म के माता-पिता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

उदयपुर, मंगल पाई में जब दलहा दी दी चेहरे उल्लास से दमक उठे। खुशी में मन लेकर झूमते लोगों के साथ शादी के जोड़े में बग्घियों पर सवार होकर निकले दूल्हा-दुल्हन को देख मन हर्षा उठा। बैंड-बाजों का धूम-धड़ाका, रिमझिम फुहारों का स्वागत-सत्कार और दिव्यांग जोड़ों की खुशियों में शरीक होने देश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोग।

अवसर था नारायण सेवा संस्थान की ओर से वंचितों को आयोजित निःशुल्क दिव्यांग तथा निर्धन सामूहिक विवाह समारोह के तहत बिंदौली का। इसे मध्यप्रदेश सरकार के सूचना आयुक्त आशीर्वाद, नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव, महासंस्थापिका कमलादेवी अग्रवाल, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, दिलखुश सेठ, निर्मल पारीक ने झंडी दिखाकर रवाना किया।बिंदौली में 52 जोड़े बाजे-धजी बग्घियों पर सवार हुए। दोपहरीक ताजी, सरपाबार गीतों, लोकगीतों के साथ ही गुजराती, मराठी लावनी पर लोग जमकर थिरके। बिंदौली मुख्यमंत्रिण, बापू बाजार से होते हुए देशनिरीह पहुंची। रास्ते में जगह-जगह द्वार लगाकर इसका स्वागत किया गया। बिंदौली में कई हिस्सों भाई-बहन भी शामिल हुए। बाद में गेहरी की रस्म शुरू हुई।

